# गंगा एक्सप्रेस-वे पर पांच हेक्टेयर में आकार लेंगे जनसुविधा केंद्र

## अमरोहा में मंगरौला और संभल इंटरचेंज के पास शुरू हुआ निर्माण, मेरठ से संभल तक तीन जनसुविधा केंद्र बनाए जाने की है योजना

**जागरण विशेष**

अमर सिंह राघव • जागरण



**बुलंदशहर** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट गंगा एक्सप्रेस-वे का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। एक्सप्रेस-वे पर यात्रियों को सुविधा देने का काम भी तेजी से चल रहा है। मेरठ से संभल तक तीन जनसुविधा केंद्र बनाए जाएंगे, जहां नाश्ता से लेकर आराम व वाहन में ईंधन भी भरवाने समेत अन्य सुविधा रहेगी। नए साल में जनसुविधा केंद्र (रेस्टोरेंट) का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

उत्तर प्रदेश औद्योगिक एक्सप्रेसवेज विकास प्राधिकरण (यूपीडा) द्वारा मेरठ से लेकर प्रयागराज तक गंगा एक्सप्रेस-वे का निर्माण अंतिम चरण में है। एक्सप्रेस-वे किनारे यात्रियों के लिए जनसुविधा विकसित करने का काम भी जारी है। जल्द ही इस प्रस्ताव को स्वीकृत मिल जाएगी। अमरोहा जनपद में मंगरौला इंटरचेंज से पहले और संभल में संभल अनूपशहर रोड पर इंटरचेंज से दो किलोमीटर आगे तीसरा जनसुविधा केंद्र (रेस्टोरेंट) बनाया जाएगा। इन जनसुविधा केंद्र (रेस्टोरेंट) पर पेट्रोल पंप, जलपान गृह व आराम करने के लिए कक्षों का निर्माण भी किया जाएगा। एक्सप्रेस-वे पर चालकों को आराम की सुविधा मिल सकेगी। एक जनसुविधा केंद्र पांच हेक्टयेर जमीन पर आकार लेगा। यहां सभी सुविधा विकसित की जाएंगी। जिससे राहगीरों को यात्रा में किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो। यूपीडा ने सकरा टीला में गंगा नदी पुल से पहले एक जनसुविधा केंद्र (रेस्टोरेंट) प्रस्तावित किया है।

जल्द ही प्रस्तावित जनसुविधा केंद्र (रेस्टोरेंट) को स्वीकृति मिलने की संभावना है। जिससे गंगा नदी पुल के पास भी जनसुविधा केंद्र (रेस्टोरेंट) निर्माण का कार्य रफ्तार पकड़नी शुरू कर देगा। जनसुविधा केंद्र के निकट अंडरपास भी बनाए गए हैं। जिससे दूसरी तरफ का यातायात भी जनसुविधा केंद्र तक आसानी से पहुंच सकें।

मेरठ से संभल तक एक्सप्रेस-वे का हिस्सा ग्रुप-एक में आता है। ग्रुप-एक में सकरा टीला गंगा नदी पुल व अमरोहा में मंगरौला इंटरचेंज तथा संभल में इंटरचेंज के निकट जनसुविधा केंद्र बनाएं जाएंगे। यहां जलपान गृह, पेट्रोल पंप व आराम के लिए कक्ष समेत अन्य सुविधा होंगी। अमरोहा और संभल में जनसुविधा केंद्र का काम शुरू हो जाएगा।

– **आरसी मोघा**, एक्सईएन यूपीडा

### परियोजना पर एक नजर

मेरठ से प्रयागराज तक बना रहा एक्सप्रेस-वे

| | |
|---|---|
| आरओबी | 7 |
| बडे पुल | 14 |
| छोटे पुल | 127 |
| अंडरपास | 375 |
| डायमंड इंटरचेंज | 8 |
| ओवर ब्रिज | 28 |
| मुख्य टोल | 2 |
| परियोजना की अनुमानित लागत | 36,404 करोड़ |